

# खेलते-खेलते छत से गिरी ढाई साल की बच्ची की मौत

- रेलिंग से नीचे झांकते समय बिगड़ गया मासूम का संतुलन
- दो अस्पताल ले जाने के बाद भी नहीं बच सकी जान

**इंदौर.** द्वारकापुरी क्षेत्र में पहली मंजिल की छत से गिरने से ढाई साल की बच्ची की मौत हो गई. हादसा बच्ची के खेलते-खेलते रेलिंग के पास पहुंचने के दौरान हुआ. पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है.

घटना श्रीराम नगर की है. मृत बच्ची मुस्कान पिता नरेन्द्र दशोरे की



इकलौती संतान थी. वह अपने माता-पिता के साथ पीथमपुर में रहती थी और शुक्रवार रात दादा-दादी से मिलने इंदौर आई थी. शनिवार को परिवार के सदस्य अपने-अपने काम में व्यस्त थे. मां घर के काम में लगी थी, जबकि पिता मोबाइल देख रहे थे. इसी दौरान मुस्कान खेलते-खेलते छत की रेलिंग तक पहुंच गई. रेलिंग से नीचे झांकते समय उसका संतुलन बिगड़ गया और वह पहली मंजिल से नीचे गिर गई. घटना के बाद परिजन उसे तुरंत इलाज के लिए दो अलग-अलग अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन गंभीर चोटों के कारण शनिवार रात उसकी मौत हो गई. पिता नरेन्द्र दो दिन की छुट्टी लेकर अपने माता-पिता से मिलने इंदौर आए थे. परिवार में माता-पिता और एक छोटा भाई है. द्वारकापुरी पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है.

# फाइनेंस की गाड़ियां छीनने वाला रैकेट बेनकाब, एक गिरफ्तार

- बकाया किस्त वालों का डेटा लेकर करते थे वसूली
- वसूली गैंग के दो साथियों को तलाश रही पुलिस

नव भारत न्यूज

**इंदौर. पुलिस ने शहर में फाइनेंस कंपनियों के नाम पर लोगों की गाड़ियां छीनकर वसूली करने वाले रैकेट का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि उसके दो साथी फरार हैं.**

हीरानगर थाने में राजीव नगर निवासी शकील खान ने शिकायत



दर्ज कराई थी कि वह मिस्त्री का काम करता है और उसने 2025 में

## गाड़ी छीनने के लिए मिलता था कमीशन

शकील ने इसकी सूचना हीरानगर पुलिस को दी, इस पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नीरज लोधी को गिरफ्तार कर लिया. पूछताछ में उसने बताया कि वह और उसके साथी फाइनेंस कंपनियों से किस्त नहीं भरने वालों का डेटा हासिल कर लेते थे और फिर उनकी गाड़ियां जबरन छीन लेते थे. आरोपी ने यह भी कबूल किया कि वे इस काम के बदले कमीशन लेते थे, जबकि वे किसी कंपनी के अधिकृत कर्मचारी नहीं थे. बहरहाल, पुलिस ने फरार दो अन्य आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है. पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि किस स्तर पर फाइनेंस कंपनियों का डेटा लीक हो रहा था. इस मामले में शामिल अन्य लोगों को भी आरोपी बनाया जाएगा

एक फाइनेंस कंपनी से बाइक के लिए लोन लिया था. दो दिन पहले वह अरबिंदो अस्पताल से घर लौट रहा था, तभी एमआर-10 क्षेत्र में तीन युवकों ने उसे रोक लिया. आरोपियों ने किस्त बकाया होने की बात कहकर उसकी बाइक छीन ली और मौके से फरार हो गए. बाद में जब शकील फाइनेंस कंपनी के ऑफिस पहुंचा, तो वहां से साफ किया गया कि उनकी टीम के किसी कर्मचारी ने वाहन जब्त नहीं किया है. इसके बाद शकील अपनी बाइक की तलाश में जुट गया. कुछ समय बाद उसे एक आरोपी बाइक चलाते हुए दिखाई दिया, जिसने वाहन लौटाने के बदले पैसों की मांग की.

# कार सवार दंपती व मासूम पर डंडे से हमले की कोशिश

- डंडा लहराकर धमकाते बदमाश का वीडियो वायरल
- आरोपी फरार, पुलिस तलाश में जुटी

**इंदौर. एरोड्रम थाना क्षेत्र में बांगड़दा रोड पर एक बदमाश ने कार में बैठे दंपती और उनकी दो वर्षीय बच्ची को डंडे से डराने धमकाने की कोशिश की. घटना का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने आरोपी की पहचान कर दबिश दी, लेकिन वह फरार मिला.**

पुलिस के मुताबिक उज्जैन के नागदा निवासी अंकित सैनी अपनी



पत्नी संध्या और दो साल की बेटी के साथ रिश्तेदार को शादी का कार्ड देने बांगड़दा इलाके में आए थे. इसी दौरान कालका माता मंदिर चौराहे पर एक युवक ने उनकी कार रोक ली और हाथ में डंडा लेकर खड़ा हो गया. आरोपी ने कार से टक्कर लगने का आरोप लगाते हुए विवाद शुरू कर दिया. इस दौरान कार में बैठी महिला घबरा गई और हाथ जोड़कर आरोपी से जाने देने की गुहार लगाती रही. लेकिन, आरोपी लगातार डंडा दिखाकर धमकाता रहा. घटना के दौरान परिवार ने कार के अंदर से पूरा वीडियो बना लिया, जो बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया. वीडियो सामने आने के बाद पुलिस हरकत में आई और आरोपी की पहचान मंगल शर्मा, निवासी दुर्गा कॉलोनी के रूप में की. पुलिस टीम ने उसके घर दबिश दी, लेकिन आरोपी मौके से फरार मिला. जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी इस तरह के विवाद जानबूझकर खड़ा करता है और राह चलते वाहन चालकों को डराकर पैसे वसूलने की कोशिश करता है. फिलहाल पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है और मामले में आगे की कार्रवाई जारी है.

# कार के अंदर चला रहे थे आईपीएल का सट्टा, 5 आरोपी गिरफ्तार

- ड्रीम एक्सचेंज साइट के जरिए चल रहा था ऑनलाइन सट्टा
- आरोपियों के पास से 3 मोबाइल और कार जब्त

नव भारत न्यूज

**इंदौर. लसूड़िया थाना क्षेत्र के निपानिया में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ऑनलाइन क्रिकेट का सट्टा संचालित करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है. आरोपियों के कब्जे से 3 मोबाइल फोन और एक कार जब्त की गई है.**

पुलिस को सूचना मिली थी कि डी मार्ट के पास गुलमोहर कॉलोनी मेन



रोड पर कुछ लोग कार में बैठकर मोबाइल के जरिए आईपीएल मैच पर सट्टा चला रहे हैं. सूचना पर टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की, जहां एक कार में बैठे तीन संदिग्ध ऑनलाइन प्लेटफॉर्म ड्रीम एक्सचेंज के माध्यम से सट्टा संचालित करते मिले. तलाशी में उनके पास से 3 मोबाइल फोन जब्त किए गए, जिनमें सट्टे से जुड़े एप, आईडी और लेनदेन का रिकॉर्ड मिला है, पुलिस ने मौके से कार भी जब्त कर ली है. तीनों आरोपियों के खिलाफ लसूड़िया थाने में प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की गई.

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि अनुराग और करण ने उन्हें बैंक खाते उपलब्ध कराए थे, जिनसे पैसों का लेनदेन किया जाता था. इसके आधार पर पुलिस ने दोनों को भी गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तार आरोपियों में 23 वर्षीय मोहम्मद सिकंदर व 23 वर्षीय मोहम्मद सुल्तान निवासी सहारा स्टेट न्यू मल्हार भोपाल, 21 वर्षीय अपूर्व यादव निवासी निपानिया इंदौर, 22 वर्षीय अनुराग ग्वेल निवासी अवधपुरी भोपाल और 21 वर्षीय करण बलोदी निवासी रेलवे कॉलोनी निषादपुरा भोपाल शामिल हैं. पुलिस मामले में आगे की जांच कर रही है.

## एक नजर में

### रेडक्रॉस हॉस्पिटल में 53 से ज्यादा युवाओं ने किया रक्तदान



**महू.** रेडक्रास हॉस्पिटल में नगर की सामाजिक संस्थाओं सामाजिक विचार मंच, रोटरी क्लब, सेवा धरा फाउंडेशन, रोटरी क्लब ऑफ महू कैंट, अशोक मोबाइल गैलरी, अभा मारवाड़ी महिला सम्मेलन, वामा क्लब, सेवा भारती, पत्रकार संघ और महिला संघ द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. इसमें मातृ शक्ति और युवा शक्ति ने बढ़ चढ़ कर रक्तदान किया. 53 से ज्यादा यूनिट रक्त एकत्रित किया गया. सभी रक्तवीरों को मोती की माला पहनाकर और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया. युवा शक्ति में विभु जायसवाल, श्रेया जायसवाल, भास्कर शर्मा, राशि गर्ग, तुषार अग्रवाल, हितेश कुमावत, यश जोशी, प्रखर तायल, भव्य अग्रवाल, शिवम गुप्ता, जयेश अग्रवाल, निमिष अग्रवाल, तुषार गोयल आदि ने रक्तदान कर दूसरों का जीवन बचाने के इस कार्य में सराहनीय सहयोग किया. 152 बार रक्तदान करने वाले रक्तमित्र दीपक विभाकर नाईक मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे. विशेष अतिथि के रूप में स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेश सिंगारे, जनपद अध्यक्ष सरदार मालवीय, वरिष्ठ पत्रकार रामलाल प्रजापति, वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. अनिमेष श्रीवास्तव, पत्रकार संघ अध्यक्ष विजय खंडेलवाल, किशनगंज थाने के एसआई संजय साठे, महू थाने के एसआई दीपक राठौर, समाजसेवी शीला बंसल, अधिवक्ता मनीष जायसवाल, डॉ. एच आर वर्मा उपस्थित रहे.

### 1100 श्री हनुमान चालीसा सामूहिक पाठ संकल्प का भव्य आयोजन



**महू.** श्री रामा सामाजिक सांस्कृतिक एवं धर्म जागरण समिति (रामादल) के संस्थापक और अध्यक्ष लोकेश शर्मा के मार्गदर्शन में हिन्दू शक्ति को संघठित करने के उद्देश्य से वार्ड 3 स्थित शीतला माता मंदिर प्रांगण में 1100 श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया. विशेष अतिथि के रूप में श्री चक्की वाले महादेव मंदिर के महंत कैलाशचंद्र शर्मा, अभा ग्राहक पंचायत के प्रांत संगठन मंत्री मुकेश कौशल, जिला संघ चालक अनिल सोलंकी, पूर्व जनपद अध्यक्ष गुलाब राजोरा, कोतवाल मंदिर के मुख्य पुजारी मुन्नालाल शर्मा, सतीश अग्रवाल, बाबूलाल मिठौरा, मन्नू चौहान, राजेश अग्रवाल, भवानी शंकर शुक्ला, चुन्नीलाल बरोरे आदि उपस्थित हुए. श्री हनुमान चालीसा पाठ को अपने विशेष स्वर लहरियों में बांधने में चक्की वाले महादेव मंदिर मंडल से राकेश चौहान, पवन गुप्ता एवं अंकित विक्की परदेशी का विशेष सहयोग रहा. हनुमान चालीसा पाठ के पश्चात महाआरती एवं प्रसादी वितरण किया गया. इसमें बड़ी संख्या में सनातनी महिला एवं पुरुष शामिल हुए. आयोजन को सफल बनाने में रामादल के कार्यकर्ता व समाजजनों का सराहनीय सहयोग रहा. इसमें प्रेस क्लब अध्यक्ष राधे कौशल, अनिल खंडेलवाल, कपिल बरोरे, पंकज शुक्ला, अधिवक्ता विशाल नीम, पत्रकार बृजेश अमोनिया, सुमित जोशी, महेंद्र सिंघल, श्रीकृष्ण संदल, कपिल अग्रवाल, अंकित धनोलिया, शरद तिवारी, रितेश कौशल, विनय चौहान, दीपक नीम, कपिल संदल, संजय मिट्ठल, आनंद मिठौरा, कपिल अमोनिया आदि शामिल हैं. संचालन अधिवक्ता प्रथमेश कौशल ने किया. आभार युवा समाजसेवी जयपाल ने व्यक्त किया.

### दो साल से बंद पड़ी एक रुपए में पानी की प्याऊ

**महू.** बस स्टैंड के सामने छावनी परिषद द्वारा स्थापित इलेक्ट्रॉनिक पानी की प्याऊ पिछले लगभग दो वर्षों से बंद पड़ी है. इस प्याऊ के माध्यम से मात्र एक रुपये में ठंडा पानी उपलब्ध कराने की सुविधा शुरू की गई थी, लेकिन वर्तमान में यह पूरी तरह ठप है. इस परियोजना पर लाखों रुपये खर्च किए गए थे, बावजूद इसके आमजन को इसका कोई लाभ नहीं मिल रहा है. बस स्टैंड जैसे व्यस्त क्षेत्र में प्याऊ का बंद होना यात्रियों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है. मशीन लंबे समय से खराब है, लेकिन इसके सुधार या संचालन को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया. इस मामले में जिम्मेदार अधिकारी भी मौन बने हुए हैं. नागरिकों ने सवाल उठाया है कि यदि मशीन नई थी, तो उसे वारंटी अवधि में सुधार क्यों नहीं कराया गया. शिकायतकर्ता पं. गोविंद शर्मा ने मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने तथा जल्द से जल्द प्याऊ को चालू करने की मांग की है.

# मानसिक दबाव बनाकर ब्लैकमेल कर रहे दो आरोपी गिरफ्तार

- व्हाट्सएप कॉल रिकॉर्डिंग वायरल करने की धमकी देकर मांग रहे थे 80 हजार रुपए

नव भारत न्यूज

इंदौर. व्हाट्सएप पर कॉल रिकॉर्डिंग वायरल करने की धमकी देकर रुपए मांगने वाले दो आरोपियों को लसूड़िया थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है. आरोपी फरियादी से 80 हजार रुपए की मांग कर लगातार मानसिक दबाव बना रहे थे.

मामले में समर पार्क कॉलोनी निवासी आयुष त्रिवेदी ने थाना लसूड़िया पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई. फरियादी ने पुलिस को बताया कि उसके पिता ने वर्ष 2019 में अजय





## पूर्व ड्राइवर ने उपलब्ध कराई थी रिकॉर्डिंग

पूछताछ में उसने बताया कि रिकॉर्डिंग उसे अजय भिलाला ने ही उपलब्ध कराई है. फरियादी के मुताबिक दोनों आरोपी लगातार संपर्क कर डराने धमकाने के साथ अवैध रूप से रुपए मांग रहे थे, जिससे वह मानसिक रूप से परेशान हो गया था. शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला कायम किया है. वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना प्रभारी तारेश कुमार सोनी के नेतृत्व में टीम ने कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों की पहचान कर उन्हें अभिरक्षा में ले लिया. गिरफ्तार आरोपियों में अक्षत दुबे (38) निवासी मेन मार्केट, बैंक ऑफ इंडिया के पीछे, राजगढ़ और अजय कुमार भिलाला (20) निवासी ग्राम नगर मोहल्ला, राजगढ़ शामिल हैं. पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है.

उर्फ कालू भिलाला को ड्राइवर के रूप में रखा था, जो कुछ महीनों बाद नौकरी छोड़कर चला गया, लेकिन परिवार से संपर्क बना रहा. सोमवार 20 अप्रैल की सुबह फरियादी के व्हाट्सएप पर अक्षत दुबे का मैसेज आया, जिसमें एक कॉल रिकॉर्डिंग भेजी थी. यह रिकॉर्डिंग एक दिन पहले अजय भिलाला ने फरियादी के पिता से बातचीत के दौरान तैयार की थी. इसके बाद अक्षत दुबे लगातार कॉल कर 80 हजार रुपए की मांग करने लगा और पैसे नहीं देने पर रिकॉर्डिंग वायरल करने की धमकी दी.

# कोर्ट से पुलिस अभिरक्षा में आरोपी फरार

- जमानत खारिज होते ही पुलिस को दिया चकमा

**इंदौर. जिला न्यायालय परिसर में शनिवार को एक आरोपी पुलिस अभिरक्षा से फरार हो गया. जमानत आवेदन खारिज होने के बाद उसे जेल भेजा जाना था, इसी दौरान आरोपी पुलिस को चकमा देकर भाग निकला.**

मामला एमजी रोड थाना क्षेत्र का है. पुलिस के मुताबिक राजकुमार पिता सज्जन सिंह मालवीय, निवासी राजीव आवास विहार को कोर्ट नंबर 14 में पेश किया था. सुनवाई के बाद न्यायालय ने उसकी जमानत याचिका निरस्त करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजने के आदेश दिए. आदेश सुनते ही आरोपी ने मौका देखते हुए पुलिस की पकड़ से खुद को छुड़ाया और कोर्ट परिसर से फरार हो गया. घटना के बाद परिसर में अफरा-तफरी मच गई. वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने तत्काल आसपास तलाश शुरू की, लेकिन आरोपी का कोई सुराग नहीं लग सका. बाद में पुलिस की ओर से न्यायालय में लिखित आवेदन प्रस्तुत कर घटना की जानकारी दी गई. बताया गया कि आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 493, 494 और 323 के एक मामले में प्रकरण दर्ज है, जिसमें उसे पेशी पर लाय गया था. फिलहाल पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है और आसपास के क्षेत्रों में सर्चिंग की जा रही है.

# लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर धमकी के मामले में एक और गिरफ्तार

- क्राइम ब्रांच पुलिस ने की कार्रवाई
- बिल्डर से वसूली के लिए धमकाने के मामले में मदद की थी आरोपी ने

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर में लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम पर दी जा रही धमकियों के मामले में क्राइम ब्रांच ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है. आरोपी ने पूछताछ में बिल्डर विवेक दम्मानी को धमकी देने वाले केस में मुख्य आरोपी राजपाल की मदद करना स्वीकार किया है.**

पुलिस आयुक्त के निर्देश पर

## आरोपी सोनू का है आपराधिक रिकॉर्ड

पुलिस ने थाना अपराध शाखा में मामला दर्ज किया है. गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ जारी है और मामले में अन्य कड़ियों की भी जांच की जा रही है. डीसीपी राजेश त्रिपाठी ने बताया कि आरोपी सोनू उर्फ रितेश का आपराधिक रिकॉर्ड है. उसके खिलाफ पहले से मारपीट, हत्या का प्रयास, चाकूबाजी, बलवा, घर में घुसकर हमला और दुष्कर्म जैसे गंभीर मामलों में कई प्रकरण दर्ज हैं, आरोपी से पूछताछ की जा रही है.

क्राइम ब्रांच की एसआईटी टीम इस तरह के मामलों में लगातार कार्रवाई कर रही है. इसी क्रम में टीम ने पहले गिरफ्तार आरोपी राजपाल चन्द्रावत निवासी नागदा को इंदौर के एक कारोबारी विवेक दम्मानी की जानकारी उपलब्ध कराने वाले उसके साथी सोनू उर्फ रितेश खंगार (इंदौर) को गिरफ्तार किया है. प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी सोनू ने बताया कि अवैध लाभ कमाने की मंशा से उसने राजपाल को फरियादी की पूरी जानकारी दी थी. साथ ही वह घर के बाहर फायरिंग कराने की योजना भी बना रहा था, लेकिन उससे पहले ही पुलिस ने आरोपियों को पकड़ लिया.

# 50 हजार के 3 किलो गांजा के साथ आरोपी धराया

- हॉटस्पॉट चेकिंग के दौरान भंवरकुआं पुलिस को मिली सफलता

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** भंवरकुआं थाना क्षेत्र में हॉटस्पॉट चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक आरोपी को लगभग तीन किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया है. जब्त मादक पदार्थ की कीमत करीब 50 हजार रुपए बताई गई है.

शहर में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत भंवरकुआं पुलिस टीम हॉटस्पॉट और संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी. इसी दौरान आरटीओ मेन रोड स्थित सरदार कॉलोनी के पास एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा. संदेह होने पर पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया. तलाशी लेने पर



उसके पास से अवैध गांजा बरामद हुआ. जांच में इसकी मात्रा 2 किलो 916 ग्राम पाई गई, जिसकी कीमत लगभग 50 हजार रुपए आंकी गई. पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम सुनील सोलंकी (30) निवासी शिवदर्शन नगर, मूसाखेड़ी बताया है. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है. पुलिस अब उससे पूछताछ कर यह पता लगाने में जुटी है कि वह गांजा कहां से लाया था और किसे सप्लाई करने वाला था.

**एक नजर में** पानी की कमी का सामना कर रहे लोग या तो निजी टैंकरों से पानी खरीदकर या दूर-दूर से पानी लाकर गुजारा करने को हैं मजबूर

# गर्मी बढ़ने के साथ ही शहर में पानी की किल्लत भी हो रही विकराल

**इंदौर.** बढ़ती गर्मी के साथ ही शहर भर में पानी की किल्लत बढ़ती जा रही है. कई क्षेत्रों में लोग भारी जलसंकट का सामना कर रहे हैं. हालांकि, अधिकांश क्षेत्रों में नर्मदा लाइन है, इसके बावजूद पानी की सप्लाई नहीं हो रही. परिणामस्वरूप लोगों को या तो निजी टैंकरों से पानी खरीदना पड़ रहा है या दूर-दूर से पानी लाना पड़ रहा है.

दरअसल, बढ़ती गर्मी अब सिर्फ तापमान तक सीमित नहीं रही, ये अब जल संकट में बदल रही है. शहर के प्रमुख जलस्रोतों का स्तर लगातार गिर रहा है, बोरिंग सूख रहे हैं और नर्मदा जल पर निर्भरता बढ़ती जा रही है, लेकिन नर्मदा का जल भी नाकाफी साबित हो रहा है. शहर के अन्य क्षेत्रों की तरह बम्बई बाजार क्षेत्र अंतर्गत वार्ड 68 स्थित टाटपट्टी बाखल के रहवासी बूंद-बूंद पानी को तरस रहे हैं. यहां नर्मदा लाइन होने के बाद भी कई गलियों में पानी की किल्लत बनी हुई है. पाइप



लाइन चोक होने से घरों तक पर्याप्त पानी नहीं पहुंच रहा, जिससे रहवासियों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है. नियमित सप्लाई प्रभावित होने के कारण क्षेत्र के लोग बोरिंग के पानी पर निर्भर हैं. सरकारी बोरिंग से भी पूरे मोहल्ले की जरूरत पूरी नहीं हो पा रही. ऐसे में लोगों को रोजमर्रा के उपयोग के लिए आसपास के क्षेत्रों से पानी लाना पड़ रहा है. स्थिति तब और गंभीर हो जाती है, जब क्षेत्र की बोरिंग खराब हो जाती है. ऐसे समय में लोगों के सामने पेयजल का भारी संकट खड़ा हो जाता है और घंटों इंतजार के बाद भी पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता. क्षेत्रवासियों का कहना है कि समस्या को लेकर कई बार संबंधित विभाग और नगर निगम में शिकायत की गई, लेकिन अब तक न लाइन की जांच हुई और न ही सुधार कार्य शुरू किया गया. रहवासियों ने चोक लाइन दुरुस्त कर नियमित जलापूर्ति बहाल करने की मांग की है.

## यह बोले रहवासी...



नर्मदा लाइन से कई वर्षों से हमें पानी नहीं मिला है, क्षेत्र की कई गलियों में पानी की भारी किल्लत बनी हुई है. लोगों को इधर-उधर और दूर-दूर से पानी लाना पड़ता है.

- मोहम्मद फैजान



गर्मी के कारण सरकारी बोरिंग में पानी कम हो जाता है, ऐसे में जब मोटर जल जाती है तो लोगों की मुसीबत बहुत ज्यादा बढ़ जाती है. नर्मदा लाइन का जल्दी सुधार करना चाहिए.

- रज्जू खान



पानी की लाइन चौक होने की कई बार शिकायत की गई, लेकिन आज तक सुनवाई नहीं हुई है. शिकायत पर अमल करते हुए लाइन टेस्टिंग कर पानी की आपूर्ति सुचारू रूप से करना चाहिए.

- मोहम्मद अमीन